





# नागौरी परिवार की वयोवृद्ध कमलादेवी नागौरी बनी नेत्रदानी एवं देहदानी

**▸ नेत्र गोमाबाई नेत्रालय भेजे गए देह वीरेंद्रकुमार सखलेचा मेडिकल कॉलेज के सुपुर्द की गई**

**नीमच।** लायन्स क्लब्स इंटरनेशनल प्रान्त 3233 ई 2 की ईकाई लॉयंस क्लब नीमच की पहचान नेत्रदान एवं देहदान के रूप में पूरे लॉयन्स प्रान्त से लेकर पूरे भारत के साथ विश्व स्तर पर भी बनी है।

मालवा मेवाड़ के छोर पर बसा नीमच नगर आज किसी विशेष पहचान का मोहताज नहीं है, क्योंकि सन 1960 में नीमच नगर के सेवाभावी महानुभावों द्वारा लॉयंस क्लब नीमच की स्थापना कर पीड़ित मानवता की सेवा को अपना उद्देश्य बनाकर क्लब सदस्यों द्वारा अनवरत सेवा कार्य किए जा रहे हैं, सेवा गतिविधियों के तहत् अंधत्व निवारण के लिए नेत्रदान चलाए जा रहे नेत्रदान अभियान एवं चिकित्सा जगत में नए आयाम प्राप्त करने के उद्देश्य से देहदान अभियान की शुरुआत की गई जो आज नीमच नगर की वैश्विक पहचान बन गया है। आज नीमच को नेत्रदान एवं देहदान नगर के रूप में जाना पहचाना जाने लगा है।

नेत्रदान एवं देहदान की इसी श्रृंखला में दिनांक 20/01/2026, मंगलवार को दड़ौली निवासी नागौरी परिवार की वयोवृद्ध श्रीमती कमलादेवी नागौरी धर्मपत्नी स्व. श्री पारसमलजी नागौरी 78 वर्ष के प्रात: 8 बजे देहावसान की सूचना लॉयंस क्लब नीमच के अध्यक्ष लॉयन सुनीलजी शर्मा को प्राप्त हुई, परिजनों ने लॉयंस क्लब नीमच के माध्यम से नेत्रदान एवं देहदान करने की इच्छा जाहिर की, अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा ने तुरंत एक नेत्रदान देहदान टीम के रूप में लॉयन रिखब गोपावत, लॉयन महेन्द्र सिंह चौधरी, लायन बाबूलाल गौड़, लॉयन अमनदीप साहनी को दड़ौली रवाना किया, जिन्होंने गोमाबाई नेत्रालय से नेत्र उत्सारण दल को अपने साथ ले जाकर



सर्वप्रथम नेत्रदान सम्पन्न करवाए, विमलजी जैन, मोरवन, भरत जी सेन की प्रेरणा से परिजनों विजय जी नागौरी, संजयजी नागौरी, अशोक नागौरी, विशालजी नागौरी एवं परिवार ने संपन्न करवाए। लॉयंस क्लब नीमच के माध्यम से सम्पन्न उक्त नेत्रदान सत्र का 26 वां एवं अब तक का 2725 वाँ नेत्रदान है। नेत्रदान पश्चात तत्पश्चात् स्व. श्रीमती कमलादेवी नागौरी धर्मपत्नी स्व. श्री पारसमलजी नागौरी की देह को परिजनों से प्राप्त कर क्लब की एंबुलेंस में लॉयंस क्लब नीमच के अपने सेवा भवन लायन डेन पर लाया गया, जहां से देहदान यात्रा प्रारंभ कर वीरेन्द्र कुमार सखलेचा मेडिकल कॉलेज कनावटी ले जाया गया जहां पर मध्य प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार देहदानी को मध्यप्रदेश शासन के प्रतिनिधि तहसीलदार महोदय, मेडिकल कॉलेज के डीन, मेडिकल कॉलेज के स्टाफ, लॉयंस क्लब नीमच के सदस्यों, देहदानी कमलादेवी नागौरी के परिजनों की उपस्थिति में गार्ड ऑफ ऑनर सम्मान दिया गया। तत्पश्चात् देह को मेडिकल कॉलेज की सुपुर्द किया गया। क्लब के माध्यम से सम्पन्न उक्त देहदान अब तक का 54 वाँ देहदान है।

देहदान के समय क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा, सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा, लायन चंद्रेश ऐरन, लायन प्रदीप वाधवा, लायन अमरजीत सिंह वाधवा, लायन अरुण गोयल, लायन अनिल गोयल, लायन अरविन्द जायसवाल, लायन मुकेश पाटीदार, लायन शैलेन्द्र पोरवाल 'शैलू', लायन देवेश कुमार सिंह, लॉयन विक्की छाबड़ा, लायन ललित बाफना, लायन सौरभ ऐरन, श्री घनश्याम वालेचा सहित गणमान्यजन एवं देहदानी के परिजन उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश शासन के प्रतिनिधि तहसीलदार संजय मालवीय सहित मेडिकल कॉलेज की ओर से डीन डॉ. आदित्य बेरड़, विभागाध्यक्ष डॉ. फातिमा अली भोपालवाला, डॉ. एटी मंत्री सहायक प्राध्यापक एवं कॉलेज स्टॉफ उपस्थित थे।

पीड़ित मानवता की सेवा में नागौरी परिवार द्वारा लॉयंस क्लब नीमच के माध्यम से सम्पन्न नेत्रदान एवं देहदान के लिए क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा, सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा, नेत्रदान संयोजक लॉयन रिखब गोपावत एवं नेत्रदान आभार समिति संयोजक लॉयन बाबूलाल गौड़ ने समस्त नागौरी परिवार का हार्दिक आभार प्रकट किया एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# एएसपी सिसोदिया ने मौके पर 27 शिकायतों का कराया निपटारा

**▸ सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर दिखाई सख्ती**

**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उमेश जोगा के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया ने की। शिविर में जिला स्तरीय जनसुनवाई के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान आवेदकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें एएसपी सिसोदिया के समक्ष प्रस्तुत कीं। एएसपी द्वारा सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों के माध्यम से त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण सुनिश्चित किया गया। सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का आवेदकों से संवाद कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण करते हुए उन्हें बंद कराया गया। जिला स्तरीय जनसुनवाई में लगभग 27 फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को शीघ्र कार्रवाई एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा निकिता सिंह सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, संबंधित शाखा प्रभारी तथा फरियादी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### कलेक्टर ने किया प्रस्तावित नीमच रिंग रोड़ का निरीक्षण



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंदा ने मंगलवार को नीमच शहर के प्रस्तावित रिंग रोड़ चीताखेड़ा मेन रोड़ से जयसिहपुरा होते हुए डूंगलावदा तक के रिंग रोड़ का निरीक्षण कर रिंग रोड़ निर्माण के लिए उपलब्ध शासकीय जमीन , निजी जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही और रिंग रोड़ निर्माण के लिए जमीन पर सीमा चिंह लगाने के कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली।उन्होने भू-अर्जन की कार्यवाही तेजी से पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ने निरीक्षण दौरान अवगत कराया, कि 21.10 कि.मी.के इस रिंगरोड़ नीमच बायपास व्हाया जयसिहपुरा, बघाना, नयागांव की स्वीकृत लागत 116.67 करोड़ है।प्रस्तावित रिंगरोड़ से जयसिंहपुरा, अरनिया कुमार, धनेरिया कलां, खडावदा, चंगेरा एवं सगराना के ग्रामीणों और किसानों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस निरीक्षण दौरान एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू, तहसीलदार श्री संजय मालवीय, डॉ.अजेन्द्रनाथ प्रजापति, राजस्व व लोक निर्माण विभाग की टीम, सदस्य उपस्थित थे।

### मनरेगा बचाओ चौपाल एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन आज

**नीमच।** केंद्र की भाजपा सरकार पर ग्रामीण रोजगार की गारंटी देने वाली मनरेगा योजना को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी अब गाँव गाँव में चौपाल लगाकर मजदूरों के हक़ की लड़ाई लड़ेगी। ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और पंचायत स्तर पर संगठन को पूरी तरह से सक्रिय करने के उद्देश्य से आगामी 21 जनवरी, बुधवार को ग्राम बासखेड़ा में मनरेगा बचाओ चौपाल एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुश्री मीनाक्षी नटराजन ग्रामीण जन को मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

### जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य कंट्रोल रूम स्थापित

**नीमच।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों की सुविधा के लिए जिला चिकित्सालय नीमच में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का नम्बर 9893379613 है। सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र पाटील ने बताया, कि यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, पैर में सुन्नपन्न, खाना निगलने में दर्द आदि लक्षण दिखाई देते है, तो तत्काल उक्त कंट्रोल रूम पर संपर्क कर अवगत कराए।

### जनसुनवाई में वृद्धा दिव्यांग महिला को मिली ट्राइसाइकिल, कलेक्टर ने किया त्वरित निराकरण



**नीमच।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर कार्यालय सहित सभी तहसील एवं पंचायत कार्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में एक सराहनीय मानवीय पहल सामने आई, जब 80 प्रतिशत दिव्यांग वृद्ध महिला को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई ।कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने बताया कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों और समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समयबद्ध समाधान करना है। जनसुनवाई में लगातार पेयजल, सड़क, विद्युत, आवास सहित विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिन पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर प्राप्त आवेदनों पर भी प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है ।जनसुनवाई के दौरान सादड़ी रोड नाका नंबर-4, बघाना निवासी नूर बानो पिता कादर बैग द्वारा तीन पहिये वाली साइकिल (ट्राइसाइकिल) उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में उल्लेख किया गया कि नूर बानो 80 प्रतिशत विकलांग हैं और चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण उन्हें आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### जिले में 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.आबकारी अधिनियम के तहत 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस) को नीमच जिले की सभी कंपोजिट मदिरा दुकाने, एफ.एल.6, थौक सैनिक कैंटीन, एफ.एल.-7, फुटकर सैनिक कैंटीन तथा एफ.एल.-2, रेस्तरा, बार, एफ.एल.-3, होटल, बार बंद रखने और मदिरा का विक्रय का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिए गए है।

### मुकेश गुर्जर तीन माह के लिए जिला बदर

**नीमच।** जिला मजिस्ट्रेट श्री हिमांशु चंद्रा व्दारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत लसुडिया आंत्री निवासी मुकेश पिता भोनीराम गुर्जर को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया गया है। उक्त अवधि में मुकेश गुर्जर नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास, आगर मालवा जिले की राजस्व सीमा में तीन माह की अवधि तक प्रवेश नहीं कर सकेगा।



# शाकउमावि सिंगोली में वार्षिकोत्सव समारोह

**नीमच।** शासकीय कन्या उ.मा.वि.सिंगोली में चार दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन समारोह मंगलवार को विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। वार्षिक उत्सव तहत खेलकूद, साहित्यिक प्रतियोगिता, स्नेहभोज एवं सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री सुरेश जैन भाया , उपाध्यक्ष श्री मोतीलाल धाकड़, श्री अशोक (विक्रम) सोनी, श्री लोकेश पटवा व सांसद प्रतिनिधि श्री गोपाल धाकड़ उपस्थित थे।

विधायक श्री सखलेचा ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था प्राचार्य राजेन्द्र जोशी ने सभी अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया।

विधायक श्री सखलेचा ने अपने उदबोधन में कहा, कि शिक्षा में ए.आई. का प्रयोग कर जीवन को सफल बनाने के गुण बताए। साथ ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु स्टाफ सदस्यों से चर्चा कर सुझाव लिए। छात्राओं एवं शिक्षकों की मांग पर भौतिक एवं रसायन प्रयोगशाला हेतु एक कक्ष निर्माण की घोषणा विधायक ने की। गर्मी की छुट्टियों को उपयोगी बनाने के लिए विधायक ने सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क ऑनलाईन इंग्लिश स्पॉकन कोर्स में उपस्थिति होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षकगण एवं विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य श्री राजेन्द्र जोशी ने दी।

# प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के तहत अधिकाधिक किसानों को सोलर पम्प का लाभ दिलाएं : कलेक्टर

**▸ कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**नीमच। प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के तहत जिले के अधिकाधिक किसानों को सोलर पम्प का लाभ दिलाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.नीमच, उद्यानिकी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम नीमच, जावद, मनासा एवं सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।**

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के कार्य की ऊर्जा, एल.डी.एम., वन, सामाजिक न्याय विभागों द्वारा निराकरण की सराहना की। उन्होने अन्य विभागों को भी अपनी सीएम हेल्पलाईन का संतुष्टी के साथ निराकरण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए, कि एक भी शिकायत नान अटेंडेट ना रहे, सभी शिकायतों का संतुष्टीपूर्वक उत्तर अपलोड हो जाए।



**दूषित पेयजल की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही हो**

बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ और जनपद सीईओ को निर्देश दिए, कि दूषित पानी संबंधी प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। एक दिन में ही ऐसी प्राप्त शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। सभी छात्रावासों में पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

# नगर में जल्द चित्रगुप्त चौराहा का होगा निर्माण

**▸ कायस्थ समाज ने जताया विधायक परिहार का आभार**

**नीमच।** विगत कई समय से नीमच नगर में प्रस्तावित चित्रगुप्त चौराहा निर्माण को लेकर कायस्थ समाज के प्रबुद्धजन नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार से सहयोग की मांग कर रहे थे। जब नीमच में चित्रगुप्त चौराहे के निर्माण की योजना में कायस्थ समाज द्वारा नगर के एक चौराहे को भगवान चित्रगुप्त के नाम पर विकसित करने की मंशा विधायक दिलीप सिंह परिहार समक्ष रखी गई तो विधायक श्री परिहार ने समाज की भावनाओं के अनुरूप शहर के रिक्त पड़े चौराहे को समाज द्वारा चिन्हित कर चौराहा स्थल जहां कायस्थ समाज का सूचक चिन्ह एवं नाम श्री चित्रगुप्त चौराहा निर्माण हेतु विधायक श्री परिहार ने 1, 51000 की घोषणा विगत दिनों जारी कर दी थी। जिसके बाद समाज के विशेष आग्रह पर 25,000 रुपए की राशि विधायक जी द्वारा वृद्धि की गई। इस तरह कुल 1,75000 की



घोषणा राशि के लिए कायस्थ समाज के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा सम्मान पत्र के साथ विधायक परिहार के निवास स्थान स्थित सेवा केंद्र पर पुष्प मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया।

इस दौरान विधायक जी द्वारा कहा गया कि चौराहे निर्माण हेतु इतनी ही राशि नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा भी जल्द स्वीकृत करवाई जाएगी। समाज की प्रतिष्ठा एवं नगर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए विधायक परिहार ने उक्त कार्य का अनुमोदन कर अपने सहज एवं विकासशील सोच को प्रदर्शित किया है। कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त के नाम से चौराहे का नामकरण किए जाने से समाज की भावनाओं का सम्मान होगा और क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान और सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर कायस्थ समाज के अध्यक्ष सत्येन्द्र सक्सेना ने धन्यवाद पत्र का वाचन करते हुवे कहा की इस दौरान कायस्थ समाज आपका हृदय से आभार ज्ञापित करता है एवं आशा करता है कि समाज के उत्थान के लिए भविष्य में भी आपका सहयोग प्राप्त होता रहेगा। कायस्थ समाज नीमच प्रतिनिधि मंडल के राजेश जौहरी, दीपक श्रीवास्तव, दिलीप निगम, दिनेश श्रीवास्तव, बसंत गौड़, कपिल श्रीवास्तव उपस्थिति रहे। स्वागत आयोजन का संचालन दीपक राय गौड़ द्वारा किया गया।

# जेएसजी उड़ान द्वारा आयोजित नि :शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**नीमच।** जेएसजी उड़ान ग्रुप के मिडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने जानकारी में बताया कि रिजन द्वारा नवसृजन के अंतर्गत मानवता की सेवा करने हेतु जैन सोशल ग्रुप उड़ान के तत्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

चर्म , पथरी, प्रोस्टेट, एवं मूत्र रोग से पीड़ित 108 रोगियों ने इस शिविर का लाभ उठाया ।शिविर में इंदौर के प्रसिद्ध होम्यो. चिकित्सक डॉ.ए.के.मोहन्ति सा. द्वारा चर्मरोगियों एवं नीमच के वरिष्ठ होम्यो. चिकित्सक डॉ.एम.एल.जैन द्वारा पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग से पीड़ित रोगियों का परीक्षण किया एवं परामर्श दिया गया ,एवं नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

डॉ. मोहन्ति सा. ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति द्वारा रोगों को दबाया नहीं जाता बल्कि दबे हुए रोगों को भी बाहर निकाल कर पूर्ण रूप से ठीक किया जाता है । सबसे ज्यादा मरीज फंगल इन्फेक्शन के आए थे। डॉ.एम.एल.जैन ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति द्वारा आपरेशन से सम्बंधित बिमारियों का उपचार भी संभव है।पथरी, प्रोस्टेट एवं अन्य आपरेशन जैसी बिमारियों का सफलता पूर्वक उपचार होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति द्वारा किया जा रहा है। लगभग पांच हजार पथरियां अधिक-तम 18.3 एम.एम. तक की बिना आपरेशन के सफलता पूर्वक निकाल चुके हैं। प्रोस्टेट केंसर जैसी जटिल बिमारियों के उपचार में भी बहुत अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। इस शिविर में सबसे ज्यादा मरीज प्रोस्टेट के आए। प्रोस्टेट के एक मरीज का क्क 75 था डॉ.एम.एल.जैन सा. द्वारा दिए गए होम्योपैथिक उपचार से मात्र दो माह मे क्क 44.6 रह गया। दोनों चिकित्सकों ने इस शिविर में अपनी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की।

शिविर का शुभारंभ तीन नवकार महामंत्र से एवं भगवान महावीर स्वामी तथा डॉ. हैनिमैन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।



# नीमच में यातायात का बिगुल फूंका, नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**▸ रॉन्ग साइड और तीन सवारी वालों से वसूला जुर्माना, चालकों को दी हिदायत**

**नीमच।** शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से पुलिस का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को यातायात थाना प्रभारी सोनू बडगूजर अपने पूरे दलबल के साथ शहर के मुख्य मार्गों पर उतरे और नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की।

अभियान के दौरान रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों को मौके पर ही रोका गया और कड़ी चेतावनी दी गई। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गई। साथ ही नगर पालिका द्वारा निर्धारित पार्किंग सीमा के बाहर सड़क पर वाहन खड़ा करने वालों को भी बख्शा नहीं गया। अवैध पार्किंग करने वालों को चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया गया कि आगे से सीधे चालान काटे जाएंगे। यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले चालकों को भी पकड़कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस सख्त अभियान से शहर की सड़कों पर कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही। यातायात थाना प्रभारी सोनू बडगूजर ने कहा कि नियमों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

**एक नजर** ▸ **चोथखेड़ा के धर्मसिह की जमीन से अवैध आधिपत्य हटाकर तत्काल कब्जा दिलाए - कलेक्टर**

# कलेक्टर ने की जनसुनवाई-80 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच। ग्राम चौथखेडा के धर्मसिह को राजस्व न्यायालय के आदेश पर अमल कर आवेदक की 0.06 हेक्टेयर जमीन पर अनावेदक के अवैध आधिपत्य को मौके पर टीम भेजकर हटवाए और धर्मसिह को तत्काल कब्जा दिलाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए चौथखेडा के आवेदक धर्मसिह गुर्जर के आवेदन पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार नीमच नगर को दिए।**

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सादड़ी रोड़ बघाना निवासी दिव्यांग नूर बानो के आवेदन पर रेडक्रास नीमच से नि:शुल्क नवीन ट्राईसिकल दिलवाई। नूरबानो, कलेक्टर के हाथो ट्राईसिकल पाकर काफी खुश नजर आ रही थी, अब उसे काफी सुविधा हो जाएगी और वह अब अपनी जरूरत के हिसाब से कही भी आ जा सकेगी।



जनसुनवाई में पालसोडा के राधाकिशन, धनगांव के नाथुलाल, बस्सी ब्लॉक रामपुरा के अमरदान, बामनबर्डी की देवकन्या, बमोरा की पुष्पाबाई, सरोजबाई, भाटखेडी खुर्द के श्यामसिह, हनुमंतिया के नानालाल, मल्हारगढ के डॉ.शबा रहमान, कचोली के नाथूलाल, भदाना के गोपाल, पालराखेडा की भारतीबाई, नयागांव की सम्पतबाई, भोलाराम कम्पाउण्ड नीमच की शानु ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

इसी तरह भदाना के भागीरथ, छायन की मुन्नाबाई, गिरदौडा के रूपचंद, नीमच के जयंत गोड, धामनिया की कशली बाई, चौकडी के शिवलाल, गांधी कॉलोनी नीमच की कांताबाई, आंत्री बुजुर्ग के हीरालाल, इंदिरा नगर विस्तार नीमच के बाबूलाल नागदा, विनोबागंज नीमच के संजय गोहर, किरपुरा कला की कोमलदेवी, धारडी के कमलेश रेगर, बडकुआ के सुखलाल आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित ओवदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।